# जैव प्रौद्योगिकी विभाग

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

सत्यमेव जयते

## डीबीटी–कौशल विज्ञान के तहत बायोटेक इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग प्रोग्राम (बीआईटीपी) 2020-21

भारत में रहने वाले भारतीय नागरिकों से उद्योग में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कार्यक्रम में उन छात्रों को अवसर प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपनी शिक्षा पूरी कर ली है और उद्योग में अपने कैरियर को शुरू करने और उद्योग के विशेषज्ञों के साथ–साथ परियोजनाओं पर काम करने का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने के इच्छुक हैं। साथ ही साथ उद्योग के लिए अपने मानव संसाधन आवश्यकताओं के लिए संभावित प्रत्याशियों की पहचान करने और अवसर प्रदान करने का इरादा रखते हैं। प्रशिक्षण छह महीने की अवधि के लिए होगा, जिसके दौरान प्रशिक्षुओं को वजीफे का भुगतान किया जाएगा और प्रशिक्षण के लिए खर्चों को कवर करने के लिए कंपनियों को बेंच शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

## ध्यान दें: जैव प्रौद्योगिकी उद्योग

छह महीने के लिए प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान कंपनियों से अनुरोध आमंत्रित किए जाते हैं। कंपनियों को प्रशिक्षुओं को डीबीटी द्वारा भुगतान किए गए वज़ीफे के अलावा प्रशिक्षुता मानदंडों के अनुसार वज़ीफा भी देना होगा। ''अनुरोध फॉर्म'' भरने के लिए

कृपया **www.biotech.co.in** पर जाएं। कंपनियों को **www.apprenticeshipindia.org** पर भी पंजीकरण कराना होगा। लाइफ साइंस सेक्टर स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएसएसएसडीसी) अप्रेंटिसशिप इंडिया पोर्टल पर रजिस्टर करने में कंपनियों की मदद करेगी। उपलब्धता के अधीन कंपनियों को प्रशिक्षु प्रदान किए जाएंगे।

## ध्यान दें: जैव प्रौद्योगिकी छात्र

**पात्रता:** बी. ई./बी. टेक/एम. एससी./एम. टेक/एमबीए जैव–प्रौद्योगिकी/ जैव–सूचना विज्ञान और डीबीटी समर्थित स्नातकोत्तर शिक्षण कार्यक्रमों के तहत प्रवेश पाने वाले छात्र। अंतिम सेमेस्टर/वर्ष परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं। डिग्री एक भारतीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होनी चाहिए जिसमें न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड वर्ष 2018/2019 में पूरा किया हो या 2020 में पूरा हो जाए।

**आवेदन का तरीका:** छात्र वेबसाइट **www.biotech.co.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने, आवेदन शुल्क के भुगतान और दस्तावेजों को अपलोड करने के बारे में विवरण वेबसाइट पर दिया गया है।

**चयन का तरीका:** प्रत्याशियों का चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा के माध्यम से कई शहरों /केंद्रों में किया जाएगा। चयन पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन होगा। कंपनी को उपलब्धता के अधीन प्रशिक्षु प्रदान किया जाएगा।

**प्रमाणन:** प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, प्रशिक्षुओं को जीवन विज्ञान क्षेत्र कौशल विकास परिषद (एलएसएसएसडीसी) द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन 'आकलन' से गुजरना होगा। एलएसएसएसडीसी द्वारा राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एनएसक्यूएफ) के तहत 'प्रशिक्षु' अर्हता प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को "शिक्षुता प्रमाणपत्र" प्रदान किया जाएगा।

| आवेदन प्रक्रिया की शुरूआत | समाप्ति की तिथि |
|---|---|
| **नवम्बर 3, 2020 प्रातः 11:00 बजे** | **दिसम्बर 3, 2020 सायं: 05:00 बजे** |

अन्य पूछताछ के मामले में, कृपया **bitp.dbt@nic.in** पर ई–मेल भेजें।

for Employment News HINDI Ad _ 10 cm x 17 cm